@Shajahanpurpol

प्रेस नोट सराहनीय कार्य 29.08.2023

थाना कटरा पुलिस द्वारा 06 साल से चल रहे फरार 25,000 रूपये के इनामी, शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व श्री संजीव कुमार बाजपेयी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण **के** पर्यवेक्षण व श्री प्रियांक जैन, क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन मे थाना कटरा की पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

थाना कटरा पर दिनांक 24.05.2017 को वादी मुकदमा श्री **आशाराम पुत्र कलीराम नि0ग्रा0 संतोषपुर थाना कटरा** जनपद शाहजहांपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 946/2017 धारा 363,366 भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर बनाम 1. संजू S/O बेचेलाल 2. छोटू S/O ब्रजलाल निवासी गण सन्तोषपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही मुकदमा उपरोक्त में 1.मैंकू S/O बेचेलाल 2. ब्रजपाल S/O बुद्धीलाल जाति धानुक निवासी गण ग्राम सन्तोषपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर 3.रामकुमार S/O विष्णु 4. विष्णु S/O रघुवर निवासी गण बलेली थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर 5. जगदीश S/O सूबेदार निवासी परासिन थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर 6. श्रीमती शान्ती देवी उर्फ कान्ती पत्नी स्व0 बेचेलाल निवासी ग्राम सन्तोषपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर का नाम प्रकाश में आया व मुकदमा उपरोक्त मे धारा 368 भादवि की बढोत्तरी की गयी। तथा प्रकाश में आये अभियुक्त गणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा अभियुक्त संजू उपरोक्त का कोई पता नहीं चल पाने के कारण धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही के बाद धारा 174ए भादवि का मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 22.10.2019 में अभियुक्त संजू उपरोक्त के विरूद्ध 83 सीआरपीसी की कार्यवाही अमल में लायी गयी। **अभियुक्त संजू उपरोक्त 06 वर्ष से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर द्वारा 25000/- रू0 का ईनाम घोषित किया था। आज दिनांक 29.08.2023 को मुखबिर की सटीक सूचना पर श्री पवन कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक, कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस द्वारा मफरूर संजू पुत्र बेचेलाल निवासी संतोषपुर थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर को समय करीब 05.00 बजे खैरपुर चौराहे से जलालाबाद जाने वाले रास्ते पर आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार किया गया। फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।**

गिरफ्तार मफरूर अभियुक्त का विवरणः-

1. संजू पुत्र बेचेलाल निवासी संतोषपुर थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर

आपराधिक इतिहासः-

(1) मु0अ0सं0 946/17 धारा 363/366/368 भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
(2) मु0अ0सं0 457/18 धारा 174ए भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 इतेश तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 192 गौरव तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 493 आशीष कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर